
इंदौर, शनिवार 31 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 82
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

आज से गांधी हॉल गुलजार होगा 3 हजार गुलाबों से



पेज-2

'बॉर्डर 2' देखने का अमीषा पटेल को है इंतजार



पेज-5

रानी सराय में मेट्रो स्टेशन के लिए पेड़ काटने पर रोक



पेज-6


# भाजपा प्रदेश कार्यालय की तर्ज पर अब जिलों में होगी सहयोग सेल, प्रभारी मंत्री सुनेंगे समस्या

## दूर-दराज के जिलों के कार्यकर्ताओं को सुविधा, सांसद-विधायक भी रहेंगे मौजूद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं और आमजनों की समस्याओं की सुनवाई के लिए रोजाना सरकार के मंत्री और भाजपा के पदाधिकारियों को बैठाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पृथक से एक कक्ष भी तैयार किया गया है। जहां मंत्री कम से कम दो से तीन घंटे बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्या सुनते हैं। इसे सहयोग सेल का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवालन की मंशा के अनुरूप भाजपा प्रदेश कार्यालय में यह व्यवस्था दो महीने पहले शुरू की गई थी।

पिछले महीने से इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए मंत्रियों के बैठने का पूरे महीने का ड्यूटी रोस्टर भी जारी किया जा रहा है। फरवरी का ड्यूटी रोस्टर भी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने जारी कर दिया है। अब इस व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए जिलों में भी शिकायतों की सुनवाई शुरू किए जाने की तैयारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने शुरू कर दी है। इसके लिए पूरी गाइडलाइन बनाई जा रही है। जल्द ही यह व्यवस्था प्रदेश के सभी जिलों में शुरू हो जाएगी। इसके तहत जिलों में प्रभारी मंत्री महीन में एक दिन भाजपा जिला कार्यालय में बैठेंगे और जिलों के कार्यकर्ता और आमजनों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।





इस बैठक में जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक इस नई व्यवस्था के शुरू होने से दूर-दराज के जिलों के कार्यकर्ताओं को अपनी समस्याएं लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। उनकी समस्याओं का निराकरण जिलों के प्रभारी मंत्रियों के माध्यम से जिलों में ही हो जाएगा। इसके साथ ही सांसद और विधायकों को इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

### मंत्रियों का नहीं लग रहा मन, अनुशासन के डर से फिलहाल चुप्पी

सीएम और प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तय की गई व्यवस्था अधिकांश मंत्रियों को बोझ लग रही है वे मन मारकर प्रदेश कार्यालय में बैठ रहे है। राज एक्सप्रेस से आफ द रिकार्ड कुछ मंत्रियों ने कहा कि पहले से व्यवस्था है कि प्रदेश कार्यालय मंत्री के पास कार्यकर्ता अपनी समस्या लेकर आते थे और उनके माध्यम से समस्या हमारे पास आ जाती थी। यह व्यवस्था ठीक थी। हालांकि खुलकर फिलहाल इस बारे में कुछ कहने से बच रहे है। गौरतलब यह भी है कि इससे पहले भी प्रदेश कार्यालय में मंत्रियों के बैठने के फरमान जारी हुए पर यह व्यवस्था लंबी नही चल पाई पर इस बार संगठन जिस सख्ती से व्यवस्था लागू कर रहा है उससे मंत्रियों की पेशानी पर बल हैं।

सांसद और विधायक भी कार्यकर्ता और आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक मंत्री दो घंटे बैठते हैं और कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याएं सुनते हैं।

**प्रदेश कार्यालय ने जारी किया फरवरी का ड्यूटी रोस्टर**- भाजपा प्रदेश कार्यालय ने फरवरी महीने का क्क मंत्रियों का ड्यूटी रोस्टर भी जारी कर दिया है। इसके तहत 2 फरवरी को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, गौतम टेटवाल मंत्री तकनीकी शिक्षा, मनीषा सिंह विधायक, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, 3 फरवरी को राकेश सिंह पीडब्ल्यूडी मंत्री, दिलीप अहिरवार वन राज्यमंत्री, राजेन्द्र सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा, 4 फरवरी को विश्वास सारंग खेल एवं सहकारिता मंत्री, लखन पटेल पशुपालन मंत्री, डॉ. नंदिता पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठेंगे। वही 5 फरवरी को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, जयदीप पटेल (प्रदेश मंत्री भाजपा), 6 फरवरी को जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रदेश मंत्री भाजपा क्षितिज भट्ट कार्यालय में बैठेंगे। 9 फरवरी को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव, 10 फरवरी को मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पंचायत राज्य मंत्री राधा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, 11 फरवरी को स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह, खादी एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर बैठेंगे। इस तरह से पूरे महीने का ड्यूटी रोस्टर जारी किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस के हाफ-एनकाउंटर के तौर-तरीकों पर उठाए सवाल
- मुझे सुनेत्रा के डिप्टी सीएम के पद की शपथ लेने की जानकारी नहीं... उनकी पार्टी लेगी फैसला, बोले शरद पवार
- जम्मू-कश्मीर के डोलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़
- अमेरिका ने इजरायल के लिए 6 अरब से ज्यादा के हथियारों की बिक्री को दी मंजूरी
- तेलंगाना : फूड पॉइज़निंग की एक और घटना, गर्ल्स हॉस्टल की 25 छात्राएं गंभीर रूप से बीमार
- भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज विशाखापत्तनम में खेला जाएगा पांचवा टी 20 मैच
- फरीदाबाद : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन करेंगी
- भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक आज नई दिल्ली में होगी आयोजित

# भागीरथपुरा जल कांड से इंदौर नगर निगम की छवि दिल्ली तक हुई धूमिल

## जल शुद्धि के लिए घटना से सबक लेकर ठोस काम कर रहे हैं- उदावत

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● भागीरथपुरा दूषित जल कांड में नागरिकों की मौत ने इंदौर की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है। अब तक देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पहचाना जाने वाला इंदौर अब देश की राजधानी दिल्ली में भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के कारण जाना जा रहा है।

इन विषयों पर बनाए जा रहे वीडियो सोशल मीडिया पर इंदौर की सफाई व्यवस्था, यातायात अव्यवस्था, अतिक्रमण और गंदगी को लेकर वीडियो बनाकर वायरल किए जा रहे हैं। इसके कारण लोकसभा और राज्यसभा तक में इंदौर की छवि धूमिल हो रही है। इंदौर को लेकर केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में भी भागीरथपुरा कांड की चर्चा हो रही है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले इंदौर के स्वच्छता अवॉर्ड को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। गंदा पानी, सड़कों पर अतिक्रमण, सड़क खुदाई, बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और गंदगी से शहरवासी परेशान हैं। शहर की छवि को लेकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन करने वाले रिसर्चर योगेश गुलाटी बताते हैं कि दिसंबर और जनवरी माह में इंदौर की छवि में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसका प्रमुख कारण भागीरथपुरा दूषित कांड में हुई नागरिकों की मौत है।



### विभिन्न क्षेत्रों से मिले नकारात्मक इनपुट

यह अध्ययन सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, उन पर लोगों द्वारा किए गए कमेंट और रिएक्शन के आधार पर किया गया है। इसके अलावा इसमें विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़ों को भी शामिल किया गया है, जिनमें 'भागीरथपुरा' शब्द का उपयोग हुआ है। इन क्षेत्रों में पर्यटन, उद्योग, निवेश, व्यापार, शिक्षा, राजनीति और स्वास्थ्य शामिल हैं। कुल मिलाकर सभी आंकड़ों के अध्ययन से इंदौर की छवि नकारात्मक बनती दिखाई दे रही है।

**इंदौर में ठोस विकास, दिखावा नहीं**-सोशल मीडिया एनालिस्ट रुचिका जायसवाल का कहना है कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने का ट्रेंड हर 3-4 माह में बदल जाता है। यदि आने वाले समय में इंदौर को लेकर सकारात्मक बदलाव होते हैं और भागीरथपुरा क्षेत्र में सुधार की खबरें सामने आती हैं, तो इंदौर की छवि दोबारा सकारात्मक हो सकती है। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने बताया कि शहर में ठोस विकास कार्य हो रहे हैं, न कि केवल दिखावटी। पुरानी पाइप लाइन बदली जा रही हैं, इसी कारण सड़कें खोदी जा रही है।

# इंदौर, ग्वालियर-दतिया और रीवा में घना कोहरा, विजिबिलिटी 50 मीटर, हुई बूंदाबांदी

## गुना, शाजापुर समेत 8 जिलों में बारिश का अलर्ट



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश में घने कोहरे, बारिश और सर्दी का दौर जारी है। शनिवार सुबह इंदौर, ग्वालियर, रीवा और दतिया में घना कोहरा रहा। रीवा में विजिबिलिटी सबसे कम रही। सतना, भोपाल, उज्जैन, श्योपुर, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, देवास, रतलाम, राजगढ़, नर्मदापुरम, धार, गुना, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, बालाघाट समेत 20 से ज्यादा जिलों में मध्यम कोहरे का असर देखा गया।

इधर, रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, दिन में सर्दी का असर बढ़ा है। बड़े शहरों में तापमान 10 डिग्री से ज्यादा ही रहा। छतरपुर का खजुराहो सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया।

पचमढ़ी-दतिया में 7.8 डिग्री, उमरिया में 7.9 डिग्री, रायसेन में 8.2 डिग्री, सतना में 8.6 डिग्री, मंडला में 8.9 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री, दमोह में 9.5 डिग्री, नौगांव में 9.6 डिग्री, मलाजखंड में 9.7 डिग्री और सीधी में तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे के दौरान गुना, शाजापुर समेत 8 जिलों में आंधी, बारिश और गरज चमक होने का अलर्ट जारी किया है। शाजापुर में तो हल्की बारिश का दौर शुरू भी हो गया है। इंदौर में भी बूंदाबांदी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, विदिशा, राजगढ़, शाजापुर में आकाशीय बिजली चमकने के साथ हल्की आंधी आने की भी संभावना है साथ ही दोपहर में गुना, राजगढ़, सागर, रायसेन के सांची में हल्की बारिश होने की संभावना है।

# चांदी क्रैश, 24 घंटे में 1.28 लाख की गिरावट, सोना भी 36 हजार रुपए गिरा



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● चांदी का वायदा बाजार अचानक तेज झटके के साथ क्रैश हो गया। लगातार तेजी के बाद महज 24 घंटे में ही चांदी की कीमतों में करीब 30.5 फीसदी और सोने में लगभग 21.9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। चांदी अपने सर्वोच्च स्तर 4,20,048 प्रति किलो से 1,28,126 टूटकर 2,91,922 प्रति किलो पर आ गई। वहीं, सोना भी अपने रिकॉर्ड स्तर 1,93,096 प्रति 10 ग्राम से 42,247 गिरकर 1,50,849 पर पहुंच गया। विशेषज्ञों के मुताबिक चांदी में यह इतिहास की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट मानी जा रही है। मुनाफा वसूली से टूटा बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक सोने चांदी में बड़ी गिरावट भारी मुनाफावसूली का नतीजा है। जनवरी महीने में चांदी के भाव तेजी से बढ़कर 4 लाख रुपए प्रति किलो के आसपास पहुंच गए थे, जिससे बाजार तकनीकी रूप से ओवरबॉट स्थिति में चला गया। जैसे ही बड़े निवेशकों ने मुनाफा निकालना शुरू किया, वायदा बाजार में तेज बिकवाली देखने को मिली।

**सोने-चांदी ने बनाया था नया रिकॉर्ड:** वायदा बाजार में गुरुवार को चांदी ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 4,20,048 रुपए प्रति किलो का आंकड़ा छुआ था तो वहीं सोने भी अपने उच्चतम स्तर 1,93,096 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया था। हालांकि, इसके ठीक बाद दोनों कीमती धातुओं में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली थी।

# वैट, आबकारी, पंजीयन शुल्क से बढ़ी आय

## राज्य के करों से खजाने में हुई वृद्धि

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● प्रदेश के बजट का बड़ा आधार केंद्रीय करों में हिस्सा और राज्य के स्वयं के करों से आय होती है। केंद्रीय करों में भी जीएसटी बड़ा माध्यम है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 26,000 करोड़ रुपये जीएसटी मिला था, जबकि इस बार दिसंबर तक 25,250 करोड़ रुपये मिला है। यानी इसमें तीन प्रतिशत की कमी है।

वहीं, राज्य के करों की बात करें तो इसने राजकोष भरने का काम किया है। वैल्यू एडेड टैक्स (वैट), आबकारी, पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के माध्यम से सरकार को 32,660 करोड़ रुपये मिले हैं, जो पिछले वर्ष इस अवधि में प्राप्त राजस्व से अधिक है। प्रदेश को केंद्रीय करों के हिस्से में एक लाख 11 हजार करोड़ और राज्य के करों से एक लाख नौ हजार करोड़ रुपये 31 मार्च, 2026 तक प्राप्त होने का अनुमान बजट में लगाया गया था। तीसरी तिमाही में देखें तो जीएसटी को छोड़कर राजस्व





संग्रहण की स्थिति ठीक चल रही है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी जीएसटी में तीन प्रतिशत की कमी है। एक फरवरी को आम बजट प्रस्तुत होना है, इसमें साफ हो जाएगा कि जीएसटी की दरों में संशोधन का कितना असर राजस्व संग्रहण पर पड़ा है। भारत सरकार 2026-27 के बजट के साथ-साथ 2025-26 का पुनरीक्षित अनुमान भी प्रस्तुत करेगी। इससे स्पष्ट होगा कि प्रदेश को केंद्रीय करों के हिस्से में कितनी राशि इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति में प्राप्त होगी। वहीं, अगले वित्तीय वर्ष में क्या स्थिति बनेगी। प्रदेश का अनुमान है कि इस वर्ष पांच हजार करोड़ रुपये तक जीएसटी का नुकसान हो सकता है। हालांकि, संतोष की बात यह है कि राज्य के टैक्स का संग्रहण लक्ष्य से अधिक चल रहा है। पेट्रोल, डीजल आदि से प्राप्त होने वाला वैट 14 हजार करोड़ रुपये दिसंबर तक प्राप्त हुआ है, जो गत वर्ष इसी अवधि में 13,500 करोड़ रुपये था। इसी तरह आबकारी से आय में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे अभी तक 10,500 करोड़ रुपये खजाने में आए हैं। पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क में 8,660 करोड़ रुपये मिले हैं, इसी मद में पिछले वर्ष 7,750 करोड़ रुपये मिले थे।

# पिता पीडब्ल्यूडी मंत्री और कपड़े दिला रहा ठेकेदार, कैसे चरित्रवान होंगे बच्चे- विजयवर्गीय

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय फिर बयानों में घिरते दिख रहे हैं। निजी शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम में मंत्री विजयवर्गीय ने बच्चों को चरित्रवान बनाने के विलय पर पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, कितनी भी शिक्षा नीति बना लो। यदि घर का बातावरण ऐसा है कि पिता पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर और कपड़े दिलाने ठेकेदार ले जा रहा है तो फिर कहां से चरित्र की बात करेंगे? मंत्री बोले-बच्चा स्कूल में 4 घंटे और घर में 20 घंटे रहता है। घर में यदि परिजन दोस्तों के साथ पार्टी करेंगे तो 4 घंटे कितना भी चरित्र पर ज्ञान दो, बच्चा घर का जो देखेगा वही सीखेगा। शिक्षा के साथ बच्चे का पाठ्यक्रम तो बने, लेकिन पैरेंट्स का भी सिलेबस बने कि कैसे बच्चों के साथ कैसे रहें।



**राष्ट्रभक्ति की बात ज्यादा जरूरी:** मंत्री ने कहा, शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति की बात ज्यादा जरूरी है। बताइए, दुनिया में ऐसा कौन सा संगठन है जो राष्ट्रभक्ति की बात करता है। इंजीनियर, डॉक्टर, सोशल वर्कर बनाने की बात करते हैं, लेकिन बेटा चरित्रवान, राष्ट्र भक्त हो इसकी बात नहीं होती। शाजापुर में राहुल और प्रियंका गांधी पर विवादित टिप्पणी की। कहा, पहले लोग बहनों के गांव का पानी नहीं पीते थे। आज हमारे नेता प्रतिपक्ष बहन का चौराहे पर चुंबन कर लेते हैं। ये संस्कारों का अभाव है, ये विदेश के संस्कार हैं। अप्रैल 2023 में हनुमान और महावीर जयंती पर कहा, मैं रात को नौजवानों को झूमते हुए देखता हूं तो इच्छा होती है कि उन्हें 5-7 खींच दूं तो नशा उतर जाए।

# आज से गांधी हॉल गुलजार होगा 3 हजार गुलाबों की खुशबू से

## सीजनल फूलों की महफ़िल भी, गुलाब बगीचों की स्पर्धा शुरू : आज सुबह से स्कूली बच्चों के लिए गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला स्पर्धा, मेले में मिलेंगे गुलाब, गमले और उर्वरक भी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मालवा रोज सोसायटी की मेजबानी में परंपरागत गुलाब मेले में इस बार आम दर्शकों को गुलाब की विभिन्न 3 हजार किस्मों के फूलों के साथ अनेक मौसमी फूलों की महफ़िल भी देखने को मिलेगी। गांधी हॉल में 31 जनवरी को अपराह्न 4 बजे से आम दर्शक फूलों की इस रंगबिरंगी दावत के निशुल्क दर्शन कर सकेंगे। गुलदावदी, रजनीगंधा, कारनेशन, डहेलिया, पिंक, पिटूनिया, साल्विया, जेरेनियम सहित अनेक खुशबूदार फूलों की यह महफ़िल रविवार 1 फरवरी को रात 9 बजे तक खुली रहेगी। बच्चों के लिए गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला सपर्धा भी 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से गांधी हॉल पर होगी। वहीं शहर एवं आसपास के गुलाब के 24 बगीचों के बीच भी स्पर्धा शुरू हो गई है। मेले में गुलाब प्रेमियों को गुलाब की कलमें, पौधे, उर्वरक एवं गार्डनिंग के काम आने वाले उपकरण भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

मालवा रोज सोसायटी के संरक्षक देव पाटोदी, अध्यक्ष ब्रजेश सारस्वत, सचिव डॉ. अरुण सराफ ने बताया कि परंपरागत गुलाब मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गांधी हॉल में शनिवार को दोपहर 4 बजे विधायक मधु वर्मा इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रदर्शनी में गुलाब की हाईब्रिड ट्री, फ्लोरीबंडा, पॉलीऐंचा एवं मिनिएचर सहित अनेक किस्मों के 3 हजार से अधिक गुलाब प्रदर्शित किए जाएँगे। इसके पूर्व शनिवार को सुबह 10 बजे से स्कूली बच्चों के लिए 4 श्रेणी में गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला सपर्धा भी गांधी हॉल में होगी। शहर एवं आसपास के गुलाब बगीचों की भी स्पर्धा - सोसाइटी के सुनील खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष भी शहर के संस्थागत एवं निजी गुलाब बागानों के लिए भी स्पर्धा रखी गई है। स्पर्धा के निर्णायक मंडल में ब्रजेश सारस्वत, राहुल खंडेलवाल, गोकुल बारोड एवं डॉ. अरुण सराफ शामिल हैं जिन्होंने गुरुवार से शहर के 24 संस्थागत गुलाब बगीचों का अवलोकन शुरू कर दिया है। इनमें अरबिंदो हॉस्पिटल, एलएनटी पीथमपुर, केस न्यू होलैंड पीथमपुर, फ़ोर्स मोटर्स पीथमपुर, कैट इंदौर, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट, कर्मचारी राज्य बीमा निगम नंदानगर, जय ग्रीन गार्डन्स एवं ल्यूपिन पीथमपुर के गुलाब उद्यान शामिल हैं। इसी तरह शहर के 22 निजी गुलाब बगीचों के बीच भी वरीयता क्रम की स्पर्धा हो रही है, जो निजी आवास, बंगलों, बालकनियों और छतों पर लगाए गए हैं। इनमें श्रेष्ठ गुलाब उद्यानों को रविवार को शाम 5 बजे गांधी हॉल में निर्णायकों द्वारा घोषित नतीजों के आधार पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।



**सजेगी मौसमी फूलों की भी महफ़िल** - गुलाब मेले के साथ इस बार गांधी हॉल में गुलदावदी, रजनीगंधा, कारनेशन, डहेलिया, पिंक, पिटूनिया, साल्विया, जेरेनियम सहित करीब 35 किस्मों के रंगबिरंगे खुशबूदार फूलों की महफ़िल भी नजर आएगी। 31 जनवरी को शाम 4 से रात 9 बजे तक यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए निशुल्क खुली रहेगी। 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक भी आम गुलाब एवं पुष्प प्रेमी इस प्रदर्शनी को निहार सकेंगे।

**कार्यशाला** - गुलाब प्रेमियों के लिए इस बार भी दिल्ली के गुलाब विशेषज्ञ अभिभाषक राहुल कुमार 1 फरवरी को दोपहर 4 बजे गांधी हॉल में कार्यशाला में गुलाब प्रेमियों को गुलाब के लालन-पालन से जुड़ मंत्र सिखाएंगे। अनेक विक्रेता भी इस मेले में अपने उत्पाद लेकर आएँगे जो गुलाब प्रेमियों को फूल, गमले, उर्वरक, कीटनाशक एवं अत्याधुनिक उपकरणों का विक्रय करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद दिवस एवं सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव एवं प्रो. विनीता वर्मा के मार्गदर्शन में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया गया। यह दिवस राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान को स्मरण करने तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का पावन अवसर है। कार्यक्रम में मानवीय मूल्यों, आपसी सौहार्द, सहिष्णुता एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्व-धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यह सर्व-धर्म प्रार्थना सभा विद्यार्थियों में धार्मिक सहिष्णुता, सांस्कृतिक समन्वय एवं राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने में अत्यंत सफल रही। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को नमन किया।

### द पार्क इंदौर के एक्वा लाउंज ने पेश किया नया इंटरनेशनल फ्यूजन मेनू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी ब्रांड द पार्क इंदौर ने अपने सिग्नेचर लाउंज बार एक्वा में 2026 के लिए एक नया और समकालीन इंटरनेशनल फ्यूज़न मेनू लॉन्च किया है। बदलते फूड ट्रेंड्स और मेहमानों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए इस मेनू में मोनो पोर्शन (सिंगल पोर्शन) और मिनी डिशेज़ की अवधारणा पेश की गई है, जिससे मेहमान आरामदायक बजट में रहते हुए कई तरह के स्वादों का आनंद ले सकें। नए मेनू की शुरुआत हल्के, ताज़ा और एलिगेंट कोल्ड एन्हांसर विकल्पों से होती है, जिनमें वॉटरमेलन कार्पाचियो, एवोकाडो पोके और ट्रफल ब्रुशेटा शामिल हैं—जो अंतरराष्ट्रीय फ्लेवर, टेक्सचर और परिष्कृत प्रस्तुति पर केंद्रित हैं।

### विजेंद्र यादव हुए सम्मानित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पिछले 25 दिनों से भगीरथपुरा क्षेत्र में श्री विजेंद्र यादव (कल्लू भैया) द्वारा अपने निजी खर्चे से आरओ प्लांट लगाकर प्रतिदिन लगभग 25 से 30 हजार लीटर शुद्ध पेयजल घर-घर पहुँचाने का पुण्य एवं जनसेवा का कार्य किया जा रहा है। इस सेवा अभियान में उनकी 15 सदस्यीय टीम निरंतर सहयोग कर रही है। उनकी इस सराहनीय सेवा भावना को देखते हुए यादव विकास समिति एवं यादव विकास सहकारी साख संस्था द्वारा आज उन्हें सम्मानित किया गया।

# हेलमेट चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई पर वकीलों ने जताया एतराज

**दैनिक इंदौर संकेत**




**इंदौर** • हेलमेट चेकिंग के दौरान शुक्रवार को वकीलों ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालकों की चाबी निकालने को लेकर कानून की जानकारी मांगी। पलासिया चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब वकीलों ने मौके पर पहुंचकर वाहन चालकों की चाबी निकालने को लेकर कानून की जानकारी मांगी। इसके बाद चेकिंग में खड़ा पुलिसकर्मी बहस करने लगा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस को कुछ देर के लिए कार्रवाई रोकनी पड़ी। हाईकोर्ट अध्यक्ष मनीष यादव अपने साथी वकीलों के साथ शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर ऑफिस, बागड़दा में हुई एक हत्या के मामले में पुलिस कमिशनर ऑफिस पलासिया पर ज्ञापन देने पहुंचे थे। इस दौरान जब वकीलों का समूह वापस जा रहा था, तब वहां के ट्रैफिक थाने के पुलिसकर्मी वाहनों की चाबी निकालकर चालानी कार्रवाई के लिए धमका रहे थे। वहां से निकल रहे सीनियर वकील की चाबी निकालने पर आपत्ति जताई। वाहन चालकों की चाबी निकलाने को लेकर कानून की जानकारी मांगी इसके बाद चेकिंग में खड़ा पुलिसकर्मी ने उनसे बहस की। इसके बाद वकील वहीं हंगामा करने लगे। इसके बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोके गए वाहन चालकों को मौके से रवाना किया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई को लेकर शहर के कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधियों को लेकर भी लोग इस मामले में उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।

# जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर गत 12 वर्षों से रखी हुई 300 दिवंगतों की अस्थियों को नर्मदा में किया विसर्जित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर चल रही भागवत कथा के समापन पश्चात शुक्रवार को सुबह मुक्ति धाम पर पिछले करीब 12 वर्षों से रखी हुई 300 से अधिक दिवंगतों की अस्थियों को नर्मदा में विसर्जन के पूर्व विधि विधान से पूजन कर अस्थि कलश को विदाई दी गई।

संयोजक अशोक सारडा एवं राजेश जोशी ने बताया कि आचार्य पं. राजेश तिवारी के निर्देशन एवं भागवताचार्य पं. श्याम सुंदर शास्त्री के सानिध्य में विद्वानों ने महामृत्युंजय मंदिर की साक्षी में इन सभी अस्थियों का शास्त्रोक्त विधि से पूजन कर ससम्मान नर्मदा तट पर विसर्जन के लिए विदा किया। समाजसेवी प्रमोद रामेश्वर खटोड एवं राहुल सोनकर के साथ उनके साथी भी खेड़ीघाट पहुंचे, जहाँ



दोपहर में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोचार के बीच इन अस्थियों का विसर्जन किया गया। संयोजक अशोक सारडा ने बताया कि जूनी इंदौर मुक्ति धाम पर वर्ष 2013 से अनेक दिवंगतों की अस्थियां संग्रहित कर रखी गई थी जिन्हें किन्हीं कारणों से उनके परिजन अपने साथ लेकर नही जा पाए थे। ऐसी करीब 300 दिवंगतों की अस्थियां मोक्ष धाम पर रखी हुई थीं जिन्हें आज पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित कर दिया गया। समिति की ओर से सार्वजनिक सूचना देकर दिवंगतों के परिजनों से आग्रह किया गया था कि वे 30 जनवरी तक अपने दिवंगतों की अस्थियाँ मोक्ष धाम से ले जाएं। इस आग्रह के बाद कुछ परिजन तो मोक्ष धाम से अस्थियाँ लेकर चले गए लेकिन करीब 300 लोगों की अस्थियाँ लेने कोई नहीं आया। शास्त्रों में विधान है कि दिवंगतों की अस्थियों को उनके सगे-सम्बन्धियों द्वारा पवित्र नदियों में विसर्जित करना चाहिए तभी उन्हें जन्म मरण के बंधन से मुक्ति मिल सकती है। मानवता के नाते समिति ने शुक्रवार को करीब 300 दिवंगतों की अस्थियों का विसर्जन कर दिया। शहर के अन्य मुक्ति धामों पर भी इसी तरह अनेक दिवंगतों की अस्थियाँ रखी हुई हैं। इसके लिए शहर के सामाजिक संगठनों को आगे आने की जरूरत है।

# ड्रेनेज और पेयजल लाईनों की मॉनीटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में आज जिला विकास और निगरानी समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अमृत योजना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में तय किया गया कि इंदौर में ड्रेनेज और पेयजल लाईनों की मॉनीटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित की जायेगी। इसके तहत नई और पुरानी ड्रेनेज तथा पेयजल लाईनों की मॉनीटरिंग के लिये जीआईएस मेपिंग होगी। इससे यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ड्रेनेज और पेयजल लाईन के पानी आपस में नहीं मिले। दोनों लाइनें आसपास समानांतरण रूप से नहीं रहे।

बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, विधायक रमेश मेंदोला तथा मधु वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन ?विजय पंवार, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और श्रवण चावड़ा सहित समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में शहरी क्षेत्र में अमृत योजना पैकेज-1 एवं अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अमृत योजना के तहत शुभारंभ के बाद किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा पैकेज-1 में शेष कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।

सांसद लालवानी ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत डाली जा रही नई जल और ड्रेनेज लाइनों की जीआईएस मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर नई लाइनों की मैपिंग तो की जा रही है, लेकिन इससे भी अधिक जरूरी है कि पुरानी जल एवं ड्रेनेज लाइनों की भी मैपिंग कर उन्हें नई लाइनों के साथ सुपर इम्पोज किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी लाइन के टूटने या आपसी टकराव की स्थिति से बचा जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप और बोरिंग के पानी की नियमित जांच आवश्यक है। साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी जल गुणवत्ता के सैंपल रैंडम आधार पर विभिन्न इलाकों से लगातार लिए जाने चाहिए, जिससे वास्तविक स्थिति का आकलन हो सके।

# चार धाम की तीर्थ यात्रा कर लौटे यात्रियों का किया भव्य स्वागत




**दैनिक इंदौर संकेत**

**चंद्रावतीगंज** • चंद्रावतीगंज नगर सहित आसपास के क्षेत्र के यात्री चार धाम तीर्थ यात्रा से परिवार सहित लौटे यात्री भूपेंद्र सिंह कछावा गुलाब सिंह झाला प्रहलाद टेलर कमल सिंह ठाकुर भगवान सिंह ठाकुर का नगर के सुरेश चांगल भेरूसिंह कछावा बंटी ठाकुर गणेश यादव राजा दरबार सतीश सांखला शाकीर शेख संतोष बैरागी मितेश घारू नारायण चौधरी द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

# स्वच्छता के बाद अब इंदौर अंगदान में भी बनेगा नंबर वन बनेगा इंदौर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वच्छता के बाद इंदौर अब अंगदान में भी देश में अग्रणी बनेगा। इसके लिये जल्दी ही जनजागरण और संकल्प पत्र भरवाने का अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान के तहत सामाजिक जनजागरूकता के साथ ही एक लाख से अधिक संकल्प पत्र भरवाये जाएंगे। इसी उद्देश्य से अभियान को सफलतापूर्वक मूर्तरूप देने के लिये चर्चा हेतु आज सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में सामाजिक संगठनों एवं धर्मगुरुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंगदान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, कलेक्टर शिवम वर्मा, श्रवण चावड़ा, अन्ना महाराज, डॉ. अनिल भण्डारी सहित अन्य समाजसेवी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंगदान को लेकर किए गए राष्ट्रीय आह्वान पर इंदौर हमेशा की तरह अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में देश को मार्ग दिखाया है, उसी प्रकार अब अंगदान में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अंगदान के लिए ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध है, जहां नागरिक नेत्रदान, त्वचा दान एवं अंगदान की प्रतिज्ञा ले सकते हैं।

# युवा कांग्रेस की जन अधिकार न्याय यात्रा विधानसभा 5 से प्रारंभ

- भागीरथपुरा की जनता के अधिकारों की लड़ाई युवा कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ रही :- सत्यनारायण पटेल (राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस)
- युवा कांग्रेस की जन अधिकार न्याय यात्रा जनता के अधिकारों की लड़ाई : यश घनघोरिया (अध्यक्ष म.प्र युवा कांग्रेस)

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर** • **दैनिक इंदौर संकेत**

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित जन अधिकार न्याय यात्रा का दूसरा दिन इंदौर विधानसभा क्र. 5 मे रखा गया, यात्रा चौहान नगर से चल कर मूसाखेड़ी मे संपन्न हुई, यात्रा इसी क्रम मे आने वाले 7दिनों तक इंदौर मे चलेगी जिसमे प्रत्येक दिन एक विधानसभा मे पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा यात्रा का संदेश स्पष्ट है कि जिस प्रकार भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 28 आम नागरिकों की जान सरकार और प्रशासन की लापरवाही से गई है उसको गंभीरत से लेते हुए सरकार को जवाबदेही लेने पड़ेगी और जिम्मेदार लोगो पर कठोर कार्यवाही करनी पड़ेगी और इस गंभीर स्थिति में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने जो अशोभनीय बयान दिया वह दुर्भाग्यपूर्ण है जिसको लेकर कैलाश विजयवर्गी को इस्तीफा देना चाहिए! मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने यात्रा के दौरान कहा कि जिस प्रकार इंदौर में दूषित पानी पीने से आम नागरिकों की जान गई, उसको लेकर युवा कांग्रेस ने सात दिवसीय शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार से आग्रह किया की जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्यवाही हो और इस गंभीर स्थिति में अशोभनीय बयान देने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गी का इस्तीफा हो पर सरकार ने इस पर गंभीरता से कोई भी फैसला नहीं लिया जिसको लेकर युवा कांग्रेस जन अधिकार न्याय यात्रा के माध्यम से इंदौर के प्रत्येक विधानसभाओं में पद यात्रा कर लोगों तक पहुंच कर इस गंभीर मुद्दे से जागरूक करने का काम करेगी एवं जनता के मूल अधिकारों की लड़ाई और बुलंद करेगी यह यात्रा आने वाले समय में प्रदेश के अन्य इलाकों में प्रदेश सरकार की अराजक्ताओं के खिलाफ निकाली जाएगी।





# मालवा पब्लिक हा. से. स्कूल देपालपुर के बच्चो का खेलों एमपी यूथ गेम्स 2026 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में चयन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** • मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी खेल प्रतियोगिता खेलो एम पी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत नगर के मालवा पब्लिक हा. से. स्कूल देपालपुर के बच्चे जिसमे प्रवेश गुर्जर, हिमांशु भगत और अतुल दयाल का चयन रस्साकस्सी व यशराज गहलोत का चयन 400 मी रिले दौड़ प्रतियोगिता हेतु हुवा है ब्लाक स्तर व संभाग स्तर पर जीत हासिल करने के बाद स्कूल के छात्र रस्साकस्सी हेतु 30 व 31 जनवरी 2026 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु उज्जैन व रिले दौड़ हेतु 29 व 30 जनवरी 2026 भोपाल में भाग लेंगे। विद्यालय के संचालक श्री रामनारायण पांचाल, प्रिंसिपल श्रीमति दीपाली गुप्ता, अश्विन पांचाल, रोशन पांचाल,श्री मति मनोरमा गुप्ता आदि ने छात्रों को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। रस्साकसी के छात्र देपालपुर ब्लाक समन्वय जयपूरी गोस्वामी के मार्गदर्शन और विद्यालय कोच गोविन्दा सिंदुरिया और शेलेन्द्र चौहान के नेतृत्व में उज्जैन व भोपाल में सहभागिता करेंगे।

# संभागायुक्त कार्यालय में शहीद दिवस मनाया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संभागायुक्त कार्यालय में शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। संभागायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचरियों ने सामूहिक दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 31 जनवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### अन्नपूर्णा मन्दिर के स्थापना महोत्सव का शुभारंभ हुआ ध्वजा पूजन से

**इंदौर** ● शहर के प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा आश्रम के तृतीय स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा, विधायक रमेश मेंदोला एवं एमआईसी के सदस्य पार्षद अभिषेक बबलू शर्मा के आतिथ्य में ध्वजा पूजन, माँ अन्नपूर्णा के अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के साथ हुआ। संध्या को प्रख्यात हनुमत ढोल पथक दल के सदस्यों ने मंदिर परिसर में सामूहिक प्रस्तुति देकर हजारों भक्तों को बांधे रखा। मंदिर पर सुबह से देर रात तक भक्तों ने माँ अन्नपूर्णा, माँ काली एवं माँ सरस्वती के श्रृंगारित स्वरूप के दर्शन कतारबद्ध होकर किए।

### सीजनल फूलों की महफ़िल भी, गुलाब बगीचों की स्पर्धा शुरू

**इंदौर** ● मालवा रोज सोसायटी की मेजबानी में परंपरागत गुलाब मेले में इस बार आम दर्शकों को गुलाब की विभिन्न 3 हजार किस्मों के फूलों के साथ अनेक मौसमी फूलों की महफ़िल भी देखने को मिलेगी। गांधी हॉल में 31 जनवरी से आम दर्शक फूलों की इस रंगबिरंगी दावत के निशुल्क दर्शन कर सकेंगे। गुलदावदी, रजनीगंधा, कारनेशन, डहेलिया, पिंक, पिटूनिया, साल्विया, जेरेनियम सहित अनेक खुशबूदार फूलों की यह महफ़िल रविवार 1 फरवरी तक खुली रहेगी। बच्चों के लिए गुलाब पर केन्द्रित चित्रकला सपर्धा गांधी हॉल पर होगी। वहीं शहर एवं आसपास के गुलाब के 24 बगीचों के बीच भी स्पर्धा शुरू हो गई है. मेले में गुलाब प्रेमियों को गुलाब की कलमें, पौधे, उर्वरक एवं गार्डनिंग के काम आने वाले उपकरण भी विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### खाटू श्याम मंदिर में नित्य जुट रहा श्याम भक्तों का सैलाब

**इंदौर** ● एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर बसंतोत्सव के दौरान करेंसी नोटों से किए गए श्रृंगार के दर्शनार्थ भक्तों के आगमन का सिलसिला अब भी जारी है। जया एकादशी के उपलक्ष्य में सैकड़ों भक्तों ने मंदिर आकर 2 लाख रुपए के असली करेंसी नोटों से किए गए श्रृंगार को जीभरकर निहारा। मंदिर के प्रमुख मदनलाल शर्मा बाबा, रामकुमार अग्रवाल एवं राजकुमार चितलांगिया ने बताया कि गत 23 जनवरी से श्याम भक्त नाना राठोर एवं उनकी टीम के साथियों ने समूचे गर्भ गृह एवं मंदिर परिसर स्थित देवी-देवताओं का करेंसी नोटों से श्रृंगार किया था।

# एसआईआर प्रक्रिया में लोकतंत्र पर हमला - जीतू पटवारी

## फॉर्म-7 के दुरुपयोग से दलित-पिछड़ा-आदिवासीयों से मताधिकार छीनने की साज़िश - कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर भाजपा संगठन के इशारे पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज दर्ज कराया है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज थाना राजेंद्र नगर पहुँचा और औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई। उनके साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस एसआईआर राज्य स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सज्जन सिंह वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के साथ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी नीरज बिरथरें से मुलाकात कर बिजलपुर निर्वाचन केंद्र के संबंधित बीएलओ एवं फर्जी आपत्ति दर्ज कराने वाले आपत्तिकर्ताओं के खिलाफ एसआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। कांग्रेस का कहना है कि बिना सत्यापन, बिना मौके की जांच और एकतरफा



आपत्तियों के आधार पर नाम काटना गंभीर आपराधिक कृत्य है।

राजेंद्र नगर थाने पर मीडिया से संवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा— भाजपा सरकार एक तरफ लोकतंत्र का गला घोंट रही है, वहीं दूसरी तरफ मतदाताओं से उनका मताधिकार छीना जा रहा है। पूरे प्रदेश में भाजपा नेताओं द्वारा फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर लाखों की संख्या में फर्जी आपत्तियाँ दर्ज करवाई गई हैं। यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसके तहत विशेष रूप से दलित, पिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मैं राऊ विधानसभा के एक बूथ का कांग्रेस पार्टी से बीएलए हूँ, जहाँ सरकारी बीएलओ और भाजपा का बीएलए मिलकर षड्यंत्र के तहत पात्र मतदाताओं के नाम काट रहे हैं।

यदि कोई व्यक्ति गलत जानकारी देकर फॉर्म 7 के माध्यम से किसी मतदाता का नाम कटवाने की आपत्ति दर्ज करता है, तो उस पर सेक्शन 31 (Representation of the People Act, 1950) के तहत एक साल की सजा का प्रावधान है। मेरी विधानसभा राऊ में सरकारी बीएलओ और भारतीय जनता पार्टी के बीएलए की साठगांठ से फॉर्म 7 के जरिए कांग्रेस के मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जो एक कानूनी अपराध है। इस गड़बड़ी के सबूत होने के बाद भी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की पुलिस दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है। मेरे मतदान केंद्र पर ऐसा व्यक्ति आपत्ति लगा रहा है जो उस मतदान केंद्र का निवासी भी नहीं है उसके द्वारा 52 से अधिक आपत्तियां लगाई गई है जो पूर्ण रूप से निराधार है जिन लोगों के खिलाफ आपत्ति दर्ज करवाई गई है उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में भी दर्ज है और वह अभी भी इस मतदान केंद्र के निवासी भी है लेकिन भाजपा शासन के दबाव में फार्म 7 का दुरुपयोग करते हुए फर्जी आपत्ति लगाई गई है जिसमें शासकीय बीएलओ द्वारा भी बिना जांच पड़ताल करें उक्त आपत्तियों पर कार्रवाई करते हुए 52 से अधिक नामों को मतदाता सूची से विलोपित कर दिया है ना ही बीएलओ द्वारा उक्त आपत्तियों पर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया गया ना ही पंचनामा बनाया गया यह दर्शाता है कि भाजपा शासन के दबाव में किस तरह पूरा सरकारी तंत्र मतदाताओं से उनका मत के अधिकार से वंचित करने का प्रयास कर रहा है। जिन नामों को मतदाता सूची से हटाया गया है वह सभी मेरे साथ यहा उपस्थित है।

# जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सनातनी विधायक गोलु शुक्ला के जन्मदिवस को सेवा भाव से मनाने के संकल्प के तहत प्रारंभ किए गए सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस पर अहिल्या माता की प्रतिमा स्थल, राजवाड़ा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं प्रतिमा का दूध एवं जल से अभिषेक किया गया। भाजपा नेता विनोद खण्डेलवाल ने बताया कि सनातनी विधायक गोलु शुक्ला के जन्मदिवस को सेवा के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है, जिसे सेवा पखवाड़ा नाम दिया गया है। इसी क्रम में प्रथम दिवस पर अहिल्या माता की प्रतिमा का दूध एवं जल से अभिषेक किया गया, चुनरी एवं पुष्पमाला अर्पित की गई तथा प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विनोद खण्डेलवाल ने बताया कि आगामी दिनों में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत निराश्रित बच्चों को आवश्यक



सामग्री का वितरण, एम.वाय. अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरण, गौ पूजन एवं गौ सेवा सहित विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक विनोद खण्डेलवाल, संयोजक आवेश राठौर सहित नवीन सोनी, विवेक सोनी, मोहन हार्डिया, सन्नी शर्मा, दीपेश पचौरी एवं भाजपा विधानसभा-3 के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी पढ़ लिखकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिंदगी में आगे बढ़ना है तो विद्यार्थी खूब पढ़ाई कर अपने गुरुजन, माता-पिता के सपनों को साकार करे। देश का नाम गौरवान्वित करे, और एकता के साथ सर्वधर्म का सम्मान करें। ये उदबोधन वरिष्ठ पत्रकार राजेश यादव ने स्वर्गीय राकेश मानावत स्मृति शिक्षण समिति द्वारा संचालित मानावत पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यार्थियों के समक्ष व्यक्त किए। स्कूल संचालक मुकेश मानावत ने बताया कि विशेष अतिथि पुलिस विभाग के सहायक निरीक्षक दिपेश गोराना ने कहा कि विद्यार्थियों को माता पिता और अपने गुरुजनों का प्रिय बनकर आगे बढ़ना होगा। सदैव चौकन्ने रह कर सीखना होगा। यदि कोई अपने आसपास नशा करता है तो इसके लिए जागरूकता फैला कर दुष्परिणाम बताए। अध्यक्षता करते हुए इंदौर विकास प्राधिकरण के पूर्व संचालक शंकर नैनावा ने कहा कि जो विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का चुनाव करते है, अपने जीवन के कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ते है। प्राचार्य मुकेश मानावत ने बताया कि खेल, चित्रकला, निबंध, रांगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश यादव, पुलिस विभाग के सहायक निरीक्षक दिपेश गोराना, पूर्व इन्दौर विकास प्राधिकरण संचालक शंकर नैनावा, संस्था अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने गीता नगर परिसर पर विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिक मालवीय ने किया। अंत में आभार राजेश मानावत ने माना।

# अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कॅरियर का चुनाव करें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिंदगी अनमोल है , आवश्यकता इस बात की है कि इसे नियोजित कर अपने सपनों को साकार किया जाए। जो विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का चुनाव करते है, वे केवल शिक्षा जगत में ही नहीं अपने जीवन के कार्यक्षेत्र में नई ऊँचाई को छूते देखे गए हैं। वे कार्य के दौरान न तो थकते है न असफल होते है । ऐसे लोग अपने कार्यक्षेत्र में नीत नवीन सफल प्रयोग कर समाज के सामने अपनी पहचान बनाते है। उक्त विचार शासकीय नेहरू नगर कन्या उमावि इंदौर में आयोजित कॅरियर काउंसलिंग कार्यशाला में कैरियर काउंसलर दीपक हलवे ने रखे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि दैनिक समाचार पत्रों को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम का ही हिस्सा माने। समाचार पत्र आपके निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचने का रास्ता दिखाते है। न जाने कौनसी खबर आपकी जिंदगी को सार्थक कर देगी कहा नहीं जा सकता । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को माता पिता और अपने गुरुजनों का प्रिय बनकर आगे बढ़ना होगा। सदैव चौकन्ने रह कर सीखना होगा। इस अवसर पर विद्यालय में तेजस्वी योजना अंतर्गत योजना की जिला नोडल अमृता सोलंकी के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शिनी भी लगाई गई थी । जिसमें निर्मित उत्पाद सराहनीय थे। कार्यक्रम में राजू मेहरा, अर्चना शर्मा एवं विक्रम क्षीरसागर ने भी अपने विचार रखे। संचालन संतोष तिवारी एवं आभार रचना कुशवाह ने माना।

### विजय नगर स्कूल में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**इंदौर** ●गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल विजयनगर का एनुअल डे फक्शन लसूड़िया थाने के टीआई तरेश सोनी के मुख्य आतिथ्य में तथा डायरेक्टर कोष एवं लेखा विभाग (हाईकोर्ट) अखिलकुमार वर्मा एवं वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद पंडित के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य शबाना शेख ने की। विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन प्रमिला रामटेके ने किया। आभार अनामिका जैन ने माना।

### खाटू श्याम मंदिर के भक्तों को पीताम्बर परिधान का निशुल्क वितरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● साजन नगर नवलखा स्थित खाटू श्याम मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर जया एकादशी के उपलक्ष्य में सैकड़ों भक्तों को पीताम्बर परिधान बागा की भेंट दी गई। मन्दिर समिति के सुरेश रामपीपलिया एवं साजन नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष सुजीत शर्मा ने बताया कि समाजसेवी अशोक अग्रवाल मारवाड़ी एवं नेहा गर्ग के सहयोग से मंदिर पर श्रृंगार, 56 भोग, महाआरती एवं भजन संकीर्तन के बाद भक्तों को बागा का निशुल्क वितरण किया गया।

## गांधीजी ने सत्य, अहिंसा के बल पर भारत को आजादी दिलाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●गांधीजी उस महान व्यक्तित्व का नाम था, जिनके पास न सत्ता थी, न पद था, न सिंहासन था, लेकिन हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने लाठी के सहारे पूरी अंग्रेजी सरकार की सत्ता हिला दी थी। गांधी जी ने बचपन में ही अपने अवगुणों को छांटना शुरू कर दिया था। गांधीजी के लिए चरखा सूत काटने का साधन नहीं, बल्कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एक माध्यम था। गांधीजी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे जिन्होंने गाँधीजी को पहली सीख दी थी कि यदि भारत को जानना हैं तो पहले भारत के लोगों को समझना जरूरी है। उसके बाद गाँधीजी ने रेल के तीसरे श्रेणी में टिकट लेकर पूरे देश की यात्रा की। उन्हें महसूस हुआ कि भारत की आत्मा गांव में बसती है, और सभी देशवासी, अंग्रेजों के अन्याय का शिकार हैं।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प में मिल का पत्थर साबित होगा - लालवानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज शाम भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर भाजपा इंदौर नगर की बैठक वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, सासंद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, महेंद्र हार्डिया, मालिनी गौड, पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 11 साल में देश में एतिहासिक विकास हुआ है, केंद्रीय बजट में विकसित भारत





का रोड मैप दिखाई देखा, यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा लोकप्रिय व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केंद्रीय बजट में भारत की अधोसंरचना विकास के साथ साथ जन हितैषी बजट होगा, इस बजट को हमें अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है, इसलिए कार्यकर्ता मंडल स्तर पर परिचर्चा के माध्यम से बजट की उपलब्धियों को लेकर जाये। 1 फरवरी को आम बजट को हमें सभी मंडलों पर कार्यकर्ताओं, रहवासियों, समाजजनों वरिष्ठजनों के साथ सुनना है।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# इंदौर संभाग को पारंपरिक खेल पिट्टू में दोहरा खिताब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • खेलों एमपी युथ गेम्स के अंतर्गत श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में आयोजित पारंपरिक खेल पिट्टू प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में इंदौर ने जबलपुर संभाग को क्रमशः 54 व 51 अंकों से पराजित कर दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया। कांस्य पदक के लिए खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में नर्मदापुरम ने शहडोल संभाग को 88 अंकों से एवं बालिका वर्ग में शहडोल ने नर्मदापुरम को 5 अंको से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। विजेता टीमों को पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र के अध्यक्ष हरिनारायण यादव, सचिव गुलाब सिंह चौहान, भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो, ईश्वर सिंह चौहान, कृष्ण गोपाल मिश्रा, जिला खेल अधिकारी जोसेफ बक्सला, ब्रह्मजीत सिंह आदि ने पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत रोहित बाजपई, गोविंद मुलेवा, गगन कुरील, शरीफ खान आदि ने किया।



# रानी ने कहा था, मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे - रणबीर कपूर




**मुंबई (एजेंसी)** • पूरा भारतीय फिल्म उद्योग एकजुटता के साथ अभिनेत्री रानी मुखर्जी के सिनेमा में 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। यह जश्न रानी की चर्चित और दमदार फ्रेंचाइज़ी 'मर्दानी' की तीसरी फिल्म 'मर्दानी 3' के साथ मनाया जा रहा है, जो इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। इस जश्न में शामिल होकर रणबीर कपूर को भी बेहद खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। रणबीर और रानी का रिश्ता सिर्फ सह-कलाकारों का नहीं, बल्कि सम्मान, प्रेरणा और भरोसे से भरा रहा है। रानी, रणबीर कपूर की डेब्यू फिल्म 'सांवरिया' में उनकी को-स्टार थीं और करियर की शुरुआत में उन्होंने रणबीर को जो आत्मविश्वास दिया, उसे वह आज भी नहीं भूले हैं। रणबीर कपूर ने रानी मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि 'सांवरिया' के दौरान रानी पहली शख्स थीं जिन्होंने उनसे कहा था कि अगर वह मेहनत करेंगे तो बहुत आगे जाएंगे।

# जोकोविच 11वीं, अल्काराज पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में

**मेलबोर्न (एजेंसी)** • सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से पहली फरवरी को दोपहर दो बजे से होगा। 38 साल के जोकोविच ने मेंस सिंगल्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। वह ओपन एरा में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। जोकोविच ने 11वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले उन्होंने 10 फाइनल खेले और सभी जीते हैं। वहीं, नंबर-1 स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। चोट से जूझ रहे अल्काराज ने सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को को 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से हराया।





## गाडेकी-पीयर्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन मिक्स्ड डबल्स खिताब रखा बरकरार

**मेलबोर्न (एजेंसी)** •ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में ओलिविया गादेकी और जॉन पीयर्स की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। इस ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना मलादेनोविक और मैनुएल गिनार्ड की जोड़ी को हराकर खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के इतिहास में लगातार दूसरी बार ये खिताब जीतने वाली 37 साल में पहली जोड़ी बन गए हैं। इतना ही नहीं किसी ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने लगातार दूसरे साल खिताब जीतने का कारनामा 62 साल बाद किया है। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रांसीसी जोड़ी को पहला सेट हारने के बाद कड़े संघर्ष के बीच 4-6, 6-3 और 10-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया है।



# 'बॉर्डर 2' देखने का अमीषा पटेल को है इंतजार



**मुंबई (एजेंसी)** •अभिनेत्री अमीषा पटेल ने 'बॉर्डर 2' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा कि फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं और खास तौर पर तारा सिंह जैसे आइकॉनिक किरदार की झलक देखकर उन्हें काफी रोमांच महसूस हो रहा है। अमीषा ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी समेत सभी कलाकारों ने शानदार काम किया होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह फिल्म और उसके गानों को बड़े पर्दे पर महसूस करने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। फिल्म की तुलना को लेकर अमीषा पटेल ने साफ राय रखी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक 'बॉर्डर 2' नहीं देखी है, लेकिन 1997 की 'बॉर्डर' जरूर देखी है। इसके बावजूद जिस तरह से दर्शक इस नई फिल्म को पसंद कर रहे हैं, उससे साफ है कि पूरी टीम ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने 'गदर' और 'गदर 2' का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआत में दोनों फिल्मों की तुलना हुई थी, लेकिन 'गदर 2' की सफलता के बाद सभी ने माना कि वह अपने आप में एक अलग और शानदार फिल्म है।अमीषा के मुताबिक फिल्मों की तुलना करना सही नहीं होता, क्योंकि इससे गलत धारणाएं बनती हैं और हर फिल्म को अपनी पहचान के साथ देखा जाना चाहिए। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी 'बॉर्डर 2' में नई कहानियों और नए चेहरों को शामिल किया गया है। फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भारतीय सेना के जवानों के किरदार में नज़र आ रहे हैं, जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह अहम भूमिकाओं में दिखाई दे रही हैं। 23 जनवरी को रिलीज़ हुई इस फिल्म के गाने भी दर्शकों के बीच खासे लोकप्रिय हो रहे हैं और उन्हें नॉस्टेल्जिया का एहसास दिला रहे हैं। 'बॉर्डर 2' को गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले बनाया गया है।

## उज्जैन संभाग

# महाराजवाड़ा स्कूल की बसें दूसरे दिन भी नहीं चली, विद्यार्थी हो रहे परेशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सांदीपनि शासकीय उमावि महाराजवाड़ा क्रमांक-3 की 8 बसें दूसरे दिन शुक्रवार को भी नहीं चली। इसकी वजह से अब विद्यार्थियों और उनके पालकों को परेशान होना पड़ रहा है। लाखों रुपए के बिल बकाया होने के कारण सर्विस प्रोवाइडर समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड ने महाराजवाड़ा क्रमांक-3 स्कूल की 8 बसों का संचालन गुरुवार से बंद कर दिया है। समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन के अधिकारियों का कहना है कि जून 2025 से बसों के बिल बकाया थे। कुल 8 बसों में से केवल 5 बस के बिल पर प्राचार्य शिवसिंह अहिरवार ने साइन किए हैं। शुक्रवार को भी महाराजवाड़ा क्रमांक-3 स्कूल की बसें नहीं चली। सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि शनिवार को भी महाराजवाड़ा क्रमांक-3 स्कूल की बसें नहीं चलाई जाएंगी।

# अब शहर में हो सकेगी आईएएस स्तर के अफसरों की भी ट्रेनिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •प्रदेश में उज्जैन और ग्वालियर में एक डिजाइन में राजस्व का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान बनने जा रहा है। शासन ने दोनों ही स्थानों के लिए एक आर्किटेक्ट नियुक्त कया, जो कि डिजाइन फाइनल करने में जुटा है। उज्जैन में न केवल पटवारियों की बल्कि राजस्व विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों की ट्रेनिंग हो सकेगी। जिला प्रशासन में नजूल के अधिकारी आलोक चौरे ने बताया कि शासन ने लालपुर के पटवारी स्कूल को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान के रूप में डेवलप करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में ग्वालियर के आला अधिकारियों की टीम हाल ही में उज्जैन आकर निरीक्षण करके गई हैं। तय हुआ है कि दोनों ही शहरों में एक ही डिजाइन का प्रशिक्षण संस्थान बनेगा। जल्द डिजाइन फाइनल होकर आएगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

लालपुर के पटवारी स्कूल के पास वर्तमान में 8 बीघा जमीन में से 2 बीघा पर निर्माण है। विस्तार के लिए 4 बीघा अतिरिक्त चाहिए, ताकि परिसर 12 बीघा होकर निर्माण हो सके।

# विरोध के बाद भी नहीं माना ठेकेदार, कान्ह क्लोज डक्ट प्रोजेक्ट; बारिश में जमा पानी ठेकेदार ने बहाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कान्ह नदी में आ रहे इंदौर के दूषित पानी को बायपास करने के लिए जमीन के 100 फीट नीचे बनाई सुरंग (टनल) से नई परेशानी खड़ी हो गई है। 12 किमी तक जमीन के अंदर बनाई सुरंग से जुड़े इलाकों का भू-जल स्तर ही खत्म हो गया। पालखेड़ी और हासामपुरा के 300 से ज्यादा बोर सूख गए। इससे क्षेत्र की 5 हजार बीघा में खड़ी रबी सीजन की फसलों में अब सिंचाई का नया संकट खड़ा हो गया है। किसान अब फसलों को पानी ही नहीं दे सकेंगे। हैदराबाद की निर्माण एजेंसी रिवर बोर्ड ने ग्रामीणों के विरोध के बावजूद जमीन रिचार्ज करने वाले बारिश के पानी को टनल के माध्यम से उलीचकर व्यर्थ बहा दिया। पालखेड़ी के किसान पवन आंजना ने बताया निर्माण कंपनी ने 12 किमी लंबी सुरंग के बीच 3-3 किमी पर बनाए कुआंनुमा सॉफ्ट में 20-50 हॉर्स पॉवर की 8-10 मोटरें पूरी बारिश के दौरान चलाई।

बारिश का पूरा पानी टनल में रास्ता मिलने से वहां जमा होता रहा और ठेकेदार उलीचकर नाले में बहाता रहा। इससे जमीन रिचार्ज नहीं हो सकी। क्षेत्रीय किसान भरत आंजना के 5 में से 3 बोर दिसंबर में ही सूख गए। मोहनसिंह के सभी 3 बोर सूख गए। वे अब गेहूं की सिंचाई नहीं कर सकेंगे। गांव के शंकर आंजना, कमल आंजना, रवि आंजना, पवन ने बताया कि हमने बारिश में ठेकेदार को पानी व्यर्थ बनाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन हमें धौंस देते हुए भगा दिया गया। क्षेत्र का पूरा भू-जल स्तर खत्म कर दिया गया।



हासामपुरा के राजेश सोलंकी ने बताया ठेकेदार एक माह ही पानी उलीचने से रुक जाता तो यह समस्या खड़ी नहीं होती। कंपनी को हमने बताया भी था कि सिंचाई का दौर शुरू होने पर टनल का पानी स्वतः ही खत्म हो जाएगा, लेकिन वे नहीं माने। दोनों गांव के 300 बोर पहली बार दिसंबर में ही सूख गए। ठेकेदार व अफसरों ने वादा किया था कि हम नर्मदा पाइपलाइन के जरिये क्षेत्रवासियों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएंगे। अब यह स्थिति निर्मित हो गई, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

## 50 साल पुराना पंप हांफने लगा

हासामपुरा निवासी लक्ष्मणसिंह सोलंकी का सबसे पुराना 50 साल पहले का बोर है। अब तक कभी पानी की कमी नहीं आई। इस साल पहली बार दिसंबर में हांफने लगा। इसमें रुक-रुक कर पानी आने लगा। गांव के भगवानसिंह सोलंकी बोले सूखते बोरवेल देख लहसुन व प्याज की फसल तक नहीं लगा पाए। रोप तैयार करने वालों ने दूसरे गांव के किसानों को प्याज के रोप दे दिए।

## यह है क्लोज डक्ट परियोजना

इंदौर से आने वाले कान्ह के दूषित पानी को शिप्रा में मिलने से रोकने के लिए जमालपुरा से ही नदी को डायवर्ट कर दिया जाएगा। 918 करोड़ की कान्ह डक्ट परियोजना के तहत 30.15 किमी लंबी कट एंड कवर नहर बनाई जाना है। 12 किमी लंबी सुरंग और 18.15 किमी क्लोज डक्ट बनाकर गंभीर नदी के डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जाएगा। इससे शिप्रा में स्वच्छ जल का प्रवाह बना रहे।

# अच्छे अंक लाने के लिए किया प्रोत्साहित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •नागझिरी आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राओं में बढ़ते तनाव व भ्रम को दूर करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में जॉय ऑफ गिविंग के तत्वावधान में प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षाविद दिलीप कर्पे ने कहा जो बड़ी सोच रखता है, वही आगे चलकर बड़ा बनता है। परीक्षा जीवन का अंत नहीं है। यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। नियमित अध्ययन, अभ्यास, अनुशासन, लगातार पढ़ाई व सकारात्मक सोच ही सफलता की आधार भूमि है। कार्यक्रम में स्मार्ट गोल, समय प्रबंधन, वैज्ञानिक अध्ययन और परीक्षा के दौरान समय के उपयोग, उत्तर पुस्तिका लिखने आदि के बारे में विद्यार्थियों को समझाया। विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर जिज्ञासा का समाधान किया गया। प्राचार्य संतोष दुबे, लच्छीराम इंगले, कालूराम वर्मा, डीसी मंडलोई आदि मौजूद थे।



# एमपीआरडीसी ने 15 दिन में ट्रैफिक सर्वे नहीं किया, किसानों ने घेरा कलेक्टोरेट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •एमपीआरडीसी के स्थानीय अफसरों के सुस्त रवैये के कारण शुक्रवार को कलेक्टोरेट में 3 घंटे हंगामा चला। मुख्यालय भोपाल के अफसरों के एक सप्ताह में फिर से ट्रैफिक सर्वे करने के निर्देश भी यहां के अधिकारियों ने हवा में उड़ा दिए। 15 दिन बाद भी सर्वे रिपोर्ट सामने नहीं आई तो प्रभावित गांव के किसानों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर लिया।

बाइक रैली से उज्जैन पहुंचे उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सिस कंट्रोल रोड प्रभावित 50 गांव के किसानों ने प्रशासन को असहमति पत्र भी सौंप दिया। कलेक्टर के नाम से संबोधित ज्ञापन किसानों ने एसडीएम पवन बारिया को सौंपते हुए उन्हें आगाह किया। दोपहर 3.30 बजे कलेक्टोरेट पहुंचे किसान 6 बजे तक प्रदर्शन करते रहे।

## एक सप्ताह में सर्वे कराने के 16 को दिए थे निर्देश

किसानों ने 15 दिन पहले 16 जनवरी को एमपीआरडीसी मुख्यालय भोपाल का घेराव किया। इस पर मुख्यालय के अफसरों ने उसी दिन उज्जैन-जावरा रूट का फिर से ट्रैफिक सर्वे के निर्देश दिए। यह काम एक सप्ताह में हो जाना था, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार 30 जनवरी तक सर्वे रिपोर्ट नहीं बनाई।

शुरुआती दौर में भी किसानों की मांगें ही कई दिनों तक मुख्यालय स्तर तक नहीं पहुंचाई गई। स्थानीय अधिकारियों के इस रवैये से ग्रामीणों को आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक? विजय सिंह तो खुद को इतना व्यस्त होने का दिखावा करते हैं कि उन्हें बात करने तक की फुर्सत नहीं हो। पूछने पर सिंह ने सिर्फ इतना बताया कि अभी सर्वे रिपोर्ट हमें ही नहीं मिली।



न्यूज ब्रीफ

### शहीद दिवस पर उच्च न्यायालय खंडपीठ में किया अमर शहीदों को नमन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के मुख्य द्वार के प्रथम तल पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला,न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर, न्यायमूर्ति विशाल धगट, न्यायमूर्ति संजीव एस कालगांवकर, न्यायमूर्ति बी के द्विवेदी, न्यायमूर्ति गजेन्द्र सिंह, न्यायमूर्ति पवन द्विवेदी, न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी, अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ रीतेश ईनाणी, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नीरज मालवीय ने माल्यार्पण कर शहीद दिवस के अवसर पर आज अमर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के त्याग, साहस एवं राष्ट्रभक्ति को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

### रोजगार मेला का आयोजन 2 फरवरी को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राज्य शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आगामी 02 फरवरी को रोजगार मेला (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

# ओबीसी आरक्षण केस : बीजेपी-कांग्रेस हुई आमने-सामने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**




**इंदौर** ● 29 जनवरी को मध्य प्रदेश में ओबीसी के 27% आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ एक मिनट की सुनवाई हुई। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। कांग्रेस और बीजेपी एक-दूसरे को घेरते नजर आ रहे हैं। ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी के आरोपों और कांग्रेस के बीजेपी सरकार पर निशाना साधने के बाद यह मामला बड़ा विवाद बन गया है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस विजय विश्नोई की कोर्ट में यह केस 106वें नंबर पर लगा था। इसमें ओबीसी की तरफ से वरिष्ठ वकील अनूप चौधरी ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि एक्ट लागू होना चाहिए इस पर रोक नहीं है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आज सुनवाई नहीं हो सकेगी। अधिवक्ता चौधरी ने कहा कि हम केवल अंतरिम राहत चाहते हैं कि एक्ट लागू हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम केवल यही कह रहे हैं कि आज नहीं हो सकेगा बुधवार (4 फरवरी) को होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम कई बार सुन चुके हैं, फिर वही बात। अगला केस 107 सुनेंगे। इस पर अधिवक्ता ठाकुर ने कहा कि इसे टॉप ऑफ लिस्ट रखा जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने यही कहा कि अगला केस 107 नंबर। फिर वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी ने कहा कि इसे टॉप ऑफ लिस्ट रखा जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम क्या कर सकते हैं? हर बार आप लोग समय लेते हैं और एडजर्न होता है। जब भी केस लगता है तो आप समय मांगते हैं। केवल आप नहीं, आपके सभी साथी भी समय मांग लेते हैं। तो फिर कोर्ट क्या कर सकता हैं, आप कोर्ट को नहीं अपने साथियों से कहिए। इसके बाद कांग्रेस सरकार में सीएम रहे कमलनाथ और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीजेपी सरकार को घेरा। कमलनाथ ने कहा कि एमपी की बीजेपी सरकार का दोहरा चेहरा फिर बेनकाब हुआ है। प्रदेश सरकार की ओर से कोई शीर्ष वकील अदालत में उपस्थित नहीं हुआ है। अपने मुख्यमंत्री काल में 27 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया था, लेकिन बीजेपी सरकार इससे वंचित कर रही है। इस पर लगातार टालमटोल की जा रही है। वहीं कांग्रेस के हमलावर होते ही बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता आशीष उषा अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का एक मिनट का वीडियो अपलोड कर दिया। साथ ही कहा कि झूठ बेनकाब हो गया है। बिल्कुल साफ है कि ओबीसी मामले की सुनवाई में सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज, स्टेंडिंग काउंसिल मृणाल अलंकार, एएजी धीरेंद्र परमार पूरी मजबूती से उपस्थित थे। झूठ का झुनझुना बजाकर ओबीसी समाज को गुमराह करने की साजिश हो रही है। जो कांग्रेस ओबीसी आरक्षण रोकने की दोषी है, वहीं आज ओबीसी के हितैषी का नाटक कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पी एस नरसिम्हा व जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच में यह केस 106 वें नंबर पर था। इसमें ओबीसी समाज की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता जून चौधरी व अधिवक्ता वरुण ठाकुर थे। वहीं सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज, स्टेंडिंग काउंसिल मृणाल अंलाकरक, रुप्राह और एएजी धीरेंद्र परमार थे। लेकिन एमपी सरकार ने 22 सितंबर 2025 को आदेश जारी कर वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन को नियुक्त किया है। उन्हें प्रति पेशी 5 लाख रुपए और वीसी के जरिए पेशी पर 1.5 लाख रुपए फीस तय की है। इस मामले में ओबीसी की लड़ाई का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अगस्त 2025 में घोषणा की थी। कहा था कि कांग्रेस यह लड़ाई लड़ेगी। आगे कहा था कि अभिषेक मनु संघवी व विवेक तन्खा ओबीसी की पैरवी करेंगे। एक सुनवाई में संघवी उपस्थित भी हुए थे। इसके बाद कांग्रेस की ओर से भी तय अधिवक्ता किसी सुनवाई में नहीं गए हैं।

#### ओबीसी वेलफेयर कमेटी के आरोप

ओबीसी वेलफेयर कमेटी ने आरोप लगाया कि हमारी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता जून चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर और अधिवक्ता वरुण ठाकुर मौजूद थे। सरकार की ओर से जो नियुक्त अधिवक्ता हैं, वह शामिल नहीं हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चौधरी ने कहा कि ओबीसी केस 106 नंबर पर लगा था, लेकिन एमपी स्टेट की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कोई वकील नहीं था। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्टेट काउंसिंल को बुलाइए। वह तो आते नहीं हैं। इसके बाद अगले बुधवार के लिए सुनवाई बढ़ गई।

# रानी सराय में मेट्रो स्टेशन के लिए पेड़ काटने पर रोक

**200 से ज्यादा पेड़ पर रहते हैं हजारों तोते**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● इंदौर में विकास के नाम पर रानी सराय मेट्रो स्टेशन के लिए 200 पेड़ काटने की तैयारी थी। हाईकोर्ट ने पेड़ काटने और ट्रांसप्लांट करने पर रोक लगा दी है। इंदौर में रानी सराय मेट्रो स्टेशन के लिए 200 पेड़ काटने की तैयारी थी। इन पेड़ों पर हजारों तोते रहते हैं, जिनका घर खत्म हो जाएगा। पर्यावरणविदों और एक्टिविस्टों ने इस पर आंदोलन किया। हाईकोर्ट ने पेड़ काटने और ट्रांसप्लांट करने पर रोक लगाई। मेट्रो प्रबंधन ने 2600 पेड़ ट्रांसप्लांट करने का दावा किया था।

इंदौर में विकास के नाम पर लगातार हरियाली पर कुल्हाड़ी चल रही है। इसी कड़ी में रीगल पर रानी सराय पर मेट्रो का स्टेशन बनना है। इसके लिए 200 से ज्यादा पेड़ काटे जाना है। इन पेड़ों पर हजारों तोते रहते हैं। इस पर इंदौर में लगातार पर्यावरणविद् एक्टीविस्ट आंदोलन कर रहे हैं। इस मामले में हाईकोर्ट इंदौर में याचिका दायर हो गई, जिस पर शुक्रवार 30 जनवरी को सुनवाई हुई। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में इस मामले में याचिकाकर्ता प्रियांशु जैन की याचिका पर सुनवाई हुई। अधिवक्ता अभय सारस्वत और अधिवक्ता लवीश सारस्वत ने तर्क रखे। इसमें बताया गया कि इन पेड़ को काटने की तैयारी की जा रही है।

इस मामले में नगर निगम से विधिवत मंजूरी भी नहीं ली गई। साथ ही इनके काटने से यहां रह रहे हजारों तोतों का आवास खत्म हो जाएगा। इस पर हाईकोर्ट ने 16 फरवरी को अगली तारीख पर सभी पक्षकारों से जवाब मांगा है। साथ ही तब तक पेड़ को काटने और ट्रांसप्लांट करने पर रोक लगा दी है।

#### इन सभी को बनाया पक्षकार

इस मामले में याचिकाकर्ता ने मध्यप्रदेश सरकार, मेट्रो प्रबंधन, नगर निगम, पर्यावरण विभाग, कलेक्टर, एसपी सभी को पक्षकार बनाया है। उल्लेखनीय है कि रानी सराय एक पुरातन भवन है। यहां तीन डीसीपी ऑफिस भी संचालित होते हैं।

जनहित पार्टी द्वारा लंबे समय से इसके लिए आंदोलन किया जा रहा है। पार्टी के अध्यक्ष अभय जैन का कहना है कि एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम का अभियान चला रही है। दूसरी ओर कुल्हाड़ी भी चल रही है।

# मंत्री विजयवर्गीय और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के बीच क्रिकेट के मैदान पर हुई हंसी-मजाक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**




**इंदौर** ● कैलाश विजयवर्गीय और सज्जन सिंह वर्मा का हुआ आमना-सामना। क्रिकेट मैच के दौरान दोनों के बीच तंज और हंसी-मजाक हुआ। सज्जन वर्मा ने कैलाश का स्वागत करते हुए तंज कसा। कैलाश ने तंज किया कि आप बालिंग करोगे तो क्लीन बोल्ड हो जाऊंगा।

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और कांग्रेस के नेता सज्जन सिंह वर्मा के बीच राजनीतिक मतभेद जग जाहिर है। दोनों ही एक-दूसरे पर लगातार हमले करते रहे हैं। लेकिन जब दोनों क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने हुए तो नए तंज कसते हुए हंसी-मजाक हुआ। क्रिकेट के मैदान पर जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को आते हुए सज्जन सिंह वर्मा ने देखा तो वह हाथ में माइक लेकर बोले कि- कैलाश भाई आइए आपका स्वागत है। लोग इंतजार कर रहे कि आपकी बैटिंग का, कि कब चौका, छक्का और अठ्ठा तक लग जाए। इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि आप बालिंग करोगे तो क्लीन बोल्ड हो जाउंगा। इसके बाद विजयवर्गीय ने बल्ला थामा और बल्लेबाजी शुरू की। हाल ही में दो दिन पहले एक निजी शैक्षणिक संस्थान में मंत्री विजयवर्गीय ने बिना नाम लिए वर्मा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि- कितनी भी शिक्षा नीति बना लो, लेकिन घर का वातावरण ऐसा है कि पिता PWD मिनिस्टर और कपड़े दिलाने ठेकेदार ले जा रहा है। तो फिर कहां से चरित्र की बात करेंगे। इस तंज को राजनीतिक गलियारे में पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पर हमले के रूप में देखा गया। इसके पहले समय-समय पर सज्जन सिंह वर्मा पर हमला करते रहे हैं। अनंत चतुर्दशी की झांकी के दौरान भी जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय निकले तो, इस पर मंच से सज्जन सिंह वर्मा ने कहा था कि कैलाश संघर्ष करो हम आपके साथ है।

# भारत में बढ़ रहा है रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल

## सही पोजिशन और लगातार अच्छे नतीजे बहुत मायने रखते हैं सटीक काम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● भारत में रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इसका कारण डॉक्टरों की बढ़ती रुचि, मरीजों में जागरुकता और जटिल सर्जरी में ज्यादा सटीकता की जरुरत है। जैसे-जैसे यह टेक्नोलॉजी बड़े शहरों से बाहर फैल रही है, डॉक्टरों को सही ट्रेनिंग और अनुभव देना बहुत जरूरी हो जाता है, ताकि इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल मरीजों की जरूरत, अस्पताल की तैयारी और लंबे समय तक बेहतर सेवा के अनुसार किया जा सके। इसी को ध्यान में रखते हुए मोबाइल रोबोटिक सर्जरी को समझाने वाले प्लेटफॉर्म इंट्यूटिव एक्सआई एक्सपीरियंस सेंटर को यूसीकॉन-2026 के साथ शहर में प्रदर्शित किया गया। इसने मध्यभारत के सर्जनों और मेडिकल ट्रेनीज को दा विंची सर्जिकल सिस्टम के जरिए रोबोटिक सर्जरी टेक्नोलॉजी को नजदीक से समझने व सीखने का मौका दिया।

**जटिल यूरोलॉजी सर्जरी में सही फैसले लेने में सहायक**- यूरोलॉजिकल सोसाइट ऑफ इंडिया के ऑनरेरी सेक्रेटरी उत्तम मेट्टे ने बताया जैसे-जैसे कम चीरा लगाने वाली (मिनिमली इनवेसिव) इलाज आगे बढ़ रहा है, टेक्नोलॉजी से जुड़े फैसले अनुभव ओर प्रमाण पर आधारित होने चाहिए। इस तरह की संरचित ट्रेनिंग से सर्जन और ऑपरेशन टीम यह समझ पाती है कि सिस्टम कैसे काम करता है, वर्क फ्लो पर क्या असर पड़ता है और इसे सुरक्षित व सही तरीके से कैसे इस्तेमाल किया जाए।

**शादी के रिश्ते से इनकार के बाद सनक में कर दी हरकत**

# क्राइम पेट्रोल देखकर सनकी इंजीनियर की करतूत, छह माह बाद पकड़ा गया

**रिश्ते से मना करने वाली बहनों के फोटो मार्फ कर न्यूड फोटो के पोस्टर चिपकाए, रिश्तेदारों के भेजे**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कुंडली नहीं मिलने के बाद शादी के रिश्ते से इनकार के बाद सनकी इंजीनियर ने क्राइम पेट्रोल देखकर बहनों को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा। उसने दो बहनों के फोटो मार्फ कर मोहल्ले एवं रिश्तेदारों के घर के आसपास आपत्तिजनक पोस्टर भी लगा दिए। कई रिश्तेदारों को डाक से भी बहनों के आपत्तिजनक पोस्टर भेज दिए। पहचान छिपाने के लिए आरोपी चेहरे पर मास्क व टोपी का इस्तेमाल करता था एवं दो तीन बसें बदलकर इंदौर से अलग अलग स्थानो के डाक घरों पर जाता था। आरोपी ने जुलाई 2025 से जनवरी 2026 तक करीबन 7 बार इस तरह की हरकतों को अंजाम दिया। आरोपी ने पीड़िता की बहन से जीवनसाथी व शादी डाट कॉम मेट्रिमोनियल साइट के माध्यम से संपर्क किया था लेकिन शादी के रिश्ते से इनकार कर दिया था। आरोपी बेहद शातिर है और उसने उज्जैन, देवास, खातेगांव, आष्टा, धार के डाकघरो के माध्यम से रिश्तेदारों को आपत्ति जनक फोटो डाक से भेजे थे। 2025 जुलाई में फरियादिया ने थाना बाणगंगा को शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति उनके रिश्तेदारो एवं पडोसियो के घर पोस्ट कर हम से फरियादिया एवं उसकी बहनो के बारे में बहनों को बदनाम कर रहा है। पोस्ट में गंदी गंदी बातें लिखकर लेटर व न्यूड फोटो पोस्टर है। जिससे हमें मानसिक प्रताडना हो रही है पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी। आरोपी के शातिर होने से कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद विशेष टीम बनाई गई जिसमें साइबर एक्सपर्टस को भी शामिल किया गया। हाई टेक तरीके से की गई पड़ताल से आरोपी की पहचान हो गई उसके बाद आरोपी आयुष अग्निहोत्री निवासी वैशाली नगर को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी की बातचीत फरियादिया की बहन से हो रही थी किंतु परिवार वालो ने शादी से इंकार किया था, परिवार से बदला लेने की नीयत से फरियादिया व उसकी बहन के फोटो मार्फकर न्यूड फोटो पोस्टर फरियादिया के मोहल्ले व उसके रिश्तेदारो के घर पोस्ट के माध्यम से भेजे थे एवं न्यूज फोटो पोस्टर मोहल्ले में उसकी बहन के घर के आसपास लगाये गये एवं डाक के माध्यम से धमकी भरे पत्र रिश्तेदारो को भेजे थे। जिससे फरियादिया व उसके परिवार वालो की सामाजिक छवि धूमिल हो एवं कोई भी उनके परिवार के साथ रिश्तेदारी नहीं करे। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सीएम एलिवेटेड कॉरिडोर पर लगा चुके मुहर, नेताओं की अलग बैठक से हलचल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर पर 14 दिसंबर को सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में फैसला हो चुका है। बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और बाकी सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। अब सीएम के इस फैसले को लेकर 29 जनवरी को इंदौर की रेसीडेंसी कोठी पर स्थानीय नेताओं की एक बैठक हुई। बैठक के बाद पूरी राजनीति में हलचल मच गई है। इस बैठक को सीएम के फैसले पर सवाल उठाने जैसा माना जा रहा है। सीएम मोहन यादव ने 14 दिसंबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शहर के विकास को लेकर अहम बैठक की थी। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट और सभी जनप्रतिनिधि के साथ-साथ सारे बड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

इस मीटिंग में तीन बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई थी। इसमें मंत्री विजयवर्गीय की मांग व सुझाव पर मेट्रो को अंडरग्राउंड करने को मंजूरी हुई थी। दूसरा मेट्रोपोलिटन रीजन को मंजूरी मिली थी। तीसरा यह कि बीआरटीएस पर हर चौराहे पर फ्लाईओवर नहीं बनाकर पुरानी योजना एलिवेटेड कॉरिडोर को ही मंजूर किया गया है।

अब एलआईजी से नवलखा तक 6.4 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रस्तावित है। इस पर 15 फरवरी से काम शुरू होने वाला है। इसमें सीएम की बैठक में किसी ने कोई आपत्ति नहीं उठाई थी।



जब सारे फैसले हो चुके थे, गुजरात की कंपनी और ठेकेदार भी तय हो गए थे। हाईकोर्ट में अधिकारियों ने इसका शपथपत्र भी दे दिया था, तो फिर यह बैठक क्यों हुई, ये सवाल उठने लगा है।

इस बैठक में पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला और रमेश मेंदोला भी मौजूद थे। हालांकि, विधायक मालिनी गौड़ और मंत्री तुलसी सिलावट नहीं आए थे।

इस बैठक को लेकर जब समय तय किया गया था, तब अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में जानकारी दी थी। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों ने कहा था कि इस संबंध में सीएम फैसला ले चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, इस पर अधिकारियों से कहा गया था कि शहर के हित का मुद्दा है। बड़ा काम हो रहा है तो इस पर सभी से चर्चा करना जरूरी है। इसके बाद 29 जनवरी को रेसीडेंसी में बैठक हुई। विशेष बात यह है कि इस बैठक में कुछ एक्सपर्ट्स ने एलिवेटेड कॉरिडोर पर अपनी आपत्ति जताई थी। हालांकि, पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन से लेकर सांसद, महापौर और बाकी किसी विधायक ने इस पर कोई विरोध नहीं किया।

सभी ने इसे जरूरी बताया और कुछ सुझाव दिए, जैसे इसे दो लेन की बजाय तीन लेन करना चाहिए और राउ तक इसे बढ़ाया जाना चाहिए। वहीं सबसे बड़ी बात ये है कि सीएम का फैसला है। इसे देखते हुए भी खुद महापौर या अन्य किसी जनप्रतिनिधि ने इस मामले में मीडिया को बाइट देने से ही मना कर दिया। इस मामले में कोई भी जनप्रतिनिधि विवाद में नहीं पड़ना चाहता था। सभी ने दूरी बना ली है। वहीं इस कॉरिडोर को लेकर हाईकोर्ट में भी याचिका दायर हुई है।

#### कॉरिडोर पर काम तो शुरू होगा

यह तो तय है कि कॉरिडोर बनेगा। अब अगर कोई जरूरी सुझाव आएगा जो डिजाइन में सुधार के लिए हो, तो वही किया जाएगा, लेकिन थ्री लेन करना संभव नहीं है। क्योंकि वहां जगह नहीं है। ऐसे में जो भी सुधार संभव होंगे, वो काम में देरी न हो, ऐसा किया जाएगा। अधिकारियों का ध्यान इस बात पर है कि सीएम के फैसले के मुताबिक काम जल्दी शुरू हो। ऐसा हो कि इस काम से जनता को कोई परेशानी न हो। वैकल्पिक रास्ते और डायवर्सन सही ढंग से तय किए जाएं, ताकि लोगों को कम से कम समस्या का सामना करना पड़े।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।